# सृष्टि चक्र

ओं इत्येकाक्षरं ब्रह्म
ॐ हिरण्यगर्भ: समवर्तताग्रे भूतस्य जात: पतिरेक आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमाम् कस्मै देवाय हविषा विधेम!
डी.ए.वी.पी. ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

पंजीयन संख्या: UTTHIN/2006/17322
डाक पंजीयन संख्या: यू.ए./डी.ओ./दे.दून/291/.2024-26

वर्ष-20 अंक-06 | साप्ताहिक हरिद्वार ( उत्तराखण्ड ) | बृहस्पतिवार 10 जुलाई 2025 | पृष्ठ-4 मूल्य 1 रूपया


## मुख्यमंत्री ने उच्चाधिकारियों के साथ की कांवड़ मेला-2025 की तैयारियों की समीक्षा

डॉ हिमांशु द्विवेदी

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांवड़ यात्रा के सफल संचालन के लिये उत्तराखंड कांवड़ सेवा एप बनाए जाने के निर्देश दिए है इसमें कांवड़ियों की सभी डिटेल उपलब्ध कराई जाए। इस एप का उपयोग हर वर्ष आयोजित होने वाले कांवड़ यात्रा के दौरान किया जा सकेगा, इस से कांवड़ यात्रा पहले से अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगी। मेला नियन्त्रण भवन हरिद्वार में उच्चाधिकारियों के साथ कांवड मेला-2025 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांवड़ यात्रा के सकुशल एवं सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन, पुलिस एवं अन्य सम्बन्धित विभागों को चाक चौबंद व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ऐसे राज्य जहां से अधिकांश कावड़िए आते हैं। उन राज्यों से परस्पर समन्वय, रियल टाइम डाटा शेयरिंग और सुरक्षात्मक दृष्टि से




सभी आवश्यक इनपुट्स साझा किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा को आगामी कुंभ मेले का ट्रायल बताते हुए कहा कि ये अनुभव आगामी कुंभ मेले भी काम आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कावड़ियों की सुविधा को देखते हुए स्थानीय निकायों के सहयोग से रैन बसेरों, टेंट सिटी, आश्रय स्थलों का निर्माण किया जाए। यात्रा मार्गों पर आर.ओ टैंकर, वाटर एटीएम की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा बीते सालों के अनुभवों के आधार पर पार्किंग की अतिरिक्त व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कावड़ यात्रा से संबंधित सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भी सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के लिए क्या करें और क्या नहीं करें की जानकारी यात्रा मार्गों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कावड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। सीसीटीवी और ड्रोन से नियमित निगरानी हो। कांवड़ रूट का जीआईएस मैपिंग आधारित ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाए और ए.आई आधारित ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किया जाए। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए एस.डी.आर.एफ, एन.डी.आर.एफ की तैनाती, बारिश और भूस्खलन की पूर्व चेतावनी प्रणाली सक्रिय की जाए। साथ ही संवेदनशील घाटों पर एनाउंसमेंट सिस्टम भी मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा संपूर्ण हरिद्वार क्षेत्र में खोया पाया केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जाए। जिला अधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष कावड़ मेला 11 से 23 जुलाई तक आयोजित होगा। इस वर्ष मेले को कुल 16 सुपर जोन, 37 जोन और 134 सेक्टर में बांटा गया है। यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही स्थानीय लोगों की सहूलियत अनुसार यातायात व्यवस्था की गई हैं। उन्होंने बताया चार धाम जाने वाले श्रद्धालु, स्थानीय लोगों एवं कावड़ यात्रियों के लिए अलग-अलग यातायात व्यवस्थाएं भी लागू की गई है। बैठक में राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, विधायक मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा, आदेश चौहान, ममता राकेश, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, मेयर किरण जेसल, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव नितेश झा, पंकज पांडेय, विनोद कुमार सुमन, विनय शंकर पांडे और जिले के समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

## सपरा बने पतंजलि के सह-राज्य प्रभारी

रिंकू रखरा

ऐलनाबाद। कुरुक्षेत्र में आयोजित पतंजलि परिवार हरियाणा की मीटिंग में योगगुरू स्वामी रामदेव के मार्गदर्शन में केन्द्रीय प्रभारी राकेश भारत, हरियाणा योग आयोग अध्यक्ष डा. जयदीप आर्य, केन्द्रीय प्रभारी साध्वी देवप्रिया और सोशल मीडिया हरियाणा प्रभारी मोहेन्दर कंथला उपस्थिति में ऐलनाबाद के मुख्य योग शिक्षक हेमराज सपरा को पतंजलि सोशल मीडिया हरियाणा का सह-राज्य प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पतंजलि योग परिवार ऐलनाबाद द्वारा अटल पार्क में उनके सम्मान में कार्यक्रम रखा गया।जहां उन्हे पतंजलि का अंग वस्त्र और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य योग शिक्षक हेमराज सपरा ने योग गुरु बाबा रामदेव, केन्द्रीय प्रभारी, राज्य प्रभारी और पतंजलि योग परिवार का धन्यवाद किया और सभी से निवेदन किया कि वे अपना आशीर्वाद हमेशा बनाए रखें ताकि समाज में अच्छा कार्य करने का निरंतर प्रयास जारी रहे। इस अवसर पर महिला राज्य कार्यकारिणी सदस्य किरण भल्ला, जिला महिला प्रभारी रंजू मोंगा, पतंजलि परिवार महिला संरक्षक नीरज कटारिया, महिला तहसील प्रभारी गीता बेनीवाल, ग्रामीण प्रभारी छिंद्र कौर, सरोज सपरा, मंजू धानुका, नीतू वारिया, पुष्पा सोलंकी, रेखा मित्तल, अमनदीप कौर, संगठन मंत्री डॉ. राजगोपाल बेनीवाल,( मनमौजी योग क्लास के योगी भीम कानसारिया,व बलराज सिंह कूका,) जसविंदर सिंह नामधारी, रणजीत सिंह, हुकम सिंह, राजेंद्र कटारिया, कृष्ण कुमार, विनोद कुमार, रवि कांडा, निरंजन गिदड़ा, रामावतार पारीक, राजकुमार पारीक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


## सीडीओ ने सरस विपणन केंद्रों और ग्रोथ सेंटर की प्रगति की करी समीक्षा

वाणी

हरिद्वार। विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती आकांक्षा कोण्डे की अध्यक्षता में बहादराबाद, भगवानपुर और रुड़की के सरस विपणन केंद्रों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य इन केंद्रों का भौतिक मूल्यांकन करना और भविष्य की रणनीतियों पर विचार करना था। बैठक के दौरान, जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना ने ग्रामोत्थान रीप परियोजना के तहत ग्रोथ सेंटर में फूड कोर्ट और जमालपुर कलां में सरस सेंटर में वेस्ट फ्लावर यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत सीएलएफ (कम्युनिटी लेवल फेडरेशन) की सभी महिलाओं को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया जाएगा ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। सीडीओ ने जिला परियोजना




प्रबंधक को मार्केट स्ट्रेटजी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस समीक्षा बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए के.एन. तिवारी, खंड विकास अधिकारी बहादराबाद मानस मित्तल, खंड विकास अधिकारी भगवानपुर आलोक गर्ग, और राज्य स्तर से एमसीएफ टीम से हरिद्वार नोडल मनोज रावत सहित कई अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। यह बैठक इन केंद्रों के विकास और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।



# सम्पादकीय

## गुरु पूर्णिमा

गुरु पूर्णिमा का पर्व हम सभी अपने गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने के लिए मनाते है। इसीलिए हम इस पवित्र दिन में अपने समर्पण भाव व्यक्त करते हुए गुरुजनों से आत्मसात करते हैं। वैसे भी यह समय चक्र की महिमा ही तो है कि जब हमारे सुधी पाठकों को यह अंक मिलेगा तो वह भी अपने-अपने गुरुओं से साक्षात्कार कर रहे होंगे या कर चुके होंगे। क्योंकि इस बार का हमारा यह अंक गुरु पूर्णिमा वाले दिन पड़ रहा है। अगर हम अपने प्राचीन कालों से इसकी गणना करें तो आषाढ़ शुल्क में यह गुरु पूर्णिमा आती है, जिसे भारत में व्यास पूजा और शिवशयनोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। अभी हम अपना फोकस गुरु पूर्णिमा पर्व की महत्ता पर ही करना चाहते हैं। यह तो हम सभी को पता है कि गुरु की महिमा को शब्दों की माला में पिरोना आसान नहीं है क्योंकि उसकी महिमा अनंत है। गुरु की महिमा का गुणगान करने के लिए हमें कबीर के कथनों पर भी ध्यान देना होगा, उन्होंने कहा था कि गुरु के बिना उचित- अनुचित का ज्ञान नहीं होता और जब तक इसका ज्ञान नहीं हो पाता तब तक मोक्ष भी नहीं मिलता। इसीलिए अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर करने के लिए गुरु का होना जरूरी है। तभी हमारा जीवन सफल होगा। वैसे तो जन्म देने वाली मां को ही हम गुरु के रूप में पूजते हैं वहीं तो हमें सत्य का मार्ग दिखाती हैं। जबकि दूसरी तरफ वास्तविक गुरु के बिना जीवन मूल्यों की परिकल्पना करना भी संभव नहीं है। एक सच्चा गुरु ही हमें अंधकार से बाहर निकालता है और उजाले की रोशनी का मार्ग प्रशस्त करता है। गुरु-शिष्य की परंपरा अनंत काल से चली आ रही हैं और भविष्य में भी इसी तरह अनवरत जारी रहेगी। गुरु के बिना शिष्य आत्मविहीन है, इसीलिए तो गुरु पूर्णिमा पर्व को हम गुरुत्सव के रूप में पूजते चले आ रहे हैं!

# प्राचार्य सुनील बत्रा ने दंपत्ति को किया सम्मानित



अमित कुमार

हरिद्वार। एसएमजेएनपीजी कॉलेज के प्राचार्य डा. सुनील कुमार बत्रा ने संदीप अरोड़ा के केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन केंद्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएल-आरटीसी) के एग्जीक्यूटिव काउंसिल में सदस्य नामित होने पर कॉलेज के प्राचार्य कक्ष में उनका और उनकी पत्नी सोनिया अरोड़ा का पटका पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान प्राचार्य डा. सुनील बत्रा ने खुशी जताते हुए कहा कि हमारे कॉलेज के छात्र रहे संदीप अरोड़ा को मंत्रालय द्वारा एग्जीक्यूटिव काउंसिल में सदस्य मनोनीत करना हमारे कॉलेज के लिए बड़े गर्व का विषय है। संदीप अरोड़ा और सोनिया अरोड़ा हमारे कॉलेज के छात्र रहे। संदीप अरोड़ा के सामाजिक गतिविधियों में सोनिया अरोड़ा उनके साथ कदम कदम पर साथ रही। सोनिया अरोड़ा ने भी मूक बधिर और दिव्यांगहित में डेढ़ दशकों से काफी काम किया। इस दौरान प्राचार्य डा. बत्रा ने कहा कि वह भी इंडियन साइन लैंग्वेज को बढ़ावा देंगे। इस दौरान उन्होंने साइन लैंग्वेज में एक वीडियो भी जारी किया। वीडियो में वह यह बताते है कि हमारे कॉलेज के पूर्व छात्र संदीप अरोड़ा का प्रमोशन हुआ। मुझे बड़ी खुशी हुई। फिर संदीप अरोड़ा का कंधा थपथपाया। संदीप अरोड़ा और सोनिया अरोड़ा ने प्राचार्य का चरण छूकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर डा. संजय माहेश्वरी, डा. मनोज सोही, डा. शिवकुमार, दिव्यांश शर्मा, वैभव बत्रा, डा. विजय शर्मा, डा. सुशील कोठियाल व अन्य मौजूद रहे।

## सीएम धामी ने खटीमा में की धान की रोपाई

अमित गुप्ता

खटीमा। खटीमा के नगरा तराई क्षेत्र में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने खेत में धान की रोपाई कर किसानों के परिश्रम, त्याग और समर्पण को नमन किया। उन्होंने कहा कि खेतों में उतरकर पुराने दिनों की यादें ताजा हो गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता न केवल हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

# कारगिल विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाए जाने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाए: अपर जिलाधिकारी

अमित गुप्ता

हरिद्वार। कारगिल विजय दिवस को शौर्य विजय दिवस को धूमधाम से मनाए जाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पीएस चौहान के अध्यक्षता में आज जिला सभागार में बैठक आयोजित की गई। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि 26 जुलाई 2025 को कारगिल विजय दिवस शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा, इसके लिए कार्यक्रम को भव्यता के साथ आयोजित किए जाने के लिए जिस विभाग से जो भी व्यवस्थाएं एवं तैयारियां की जानी है ,संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए है कि



कारगिल में शहीद हुए सैनिक अन्य शहीद सैनिकों की वीर नारियों एवं उनके परिजनों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम स्थल तक आने जाने के लिए रुड़की क्षेत्र के शहीद सैनिकों के परिजनों को लाने ले जाने के लिए उप जिलाधिकारी रुड़की को नोडल अधिकारी तथा ज्वालापुर हरिद्वार के लिए उपजिलाधिकारी हरिद्वार कों नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए। शहीद सैनिकों के वीर नारियों एवं उनके परिजनों को कार्यक्रम स्थल एवं उनके घर तक पहुंचने के लिए परिवहन की व्यवस्था करने के लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को आवश्यक करवाई करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम स्थल पर साज - सज्जा की उचित व्यवस्था करने के निर्देश जिला उद्यान अधिकारी को दिए, इसके साथ ही कारगिल विजय दिवस के संबंध में निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए, इसके साथ ही खेल विभाग को हॉकी प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने वाले अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिए। कार्यकम स्थल पर साउंड सिस्टम सफाई/ व्यवस्था के निर्देश नगर निगम एवं नगर पालिका को दिए।उन्होंने कहा कि वीर नारियों एवं उनके परिजनों को शॉल भेंट जिला कार्यालय के ओर से किया जाएगा,जिसके लिए उन्होंने शहीदों की सूची उपलब्ध करने के निर्देश जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को दिए,साथ ही उन्होंने एनसीसी कैडेटों को भी कार्यक्रम में शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सरिता पॉवर ने आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से अपेक्षा की है कि जिनके स्तर से जो भी व्यवस्थाएं सहयोग उपलब्ध कराया जाना है वह समय से कर किए जाए ताकि कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया जा सके। इस अवसर जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक आशुतोष भंडारी, अधिशासी अभियंता लोनिवि दीपक कुमार,जिला समाज कल्याण अधिकारी अभिजीत सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नेहा झा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शंकर डेरी पर बिकती मिली व्हिस्की और बियर, वहीं राणा मोबाइल शॉप पर मिले पव्वे

डॉ हिमांशु द्विवेदी

हरिद्वार। धर्म नगरी के सड़कों पर दूध दही और मोबाइल की दुकानों पर शराब बिकना अपने आप में एक बड़ा सवाल है। रानीपुर मोड़ पर स्थित शंकर डेरी और राणा मोबाइल शॉप पर अवैध रूप से बिक रही शराब को आबकारी विभाग ने छापा मारकर अंग्रेजी शराब का एवं देसी का जखीरा पकड़ा। आबकारी विभाग जब शंकर डेरी पर पहुंचा तो उसने पाया कि डीप फ्रीजर के अंदर सैकड़ो की संख्या में व्हिस्की और बीयर की बोतले ठंडी हो रही थी आबकारी टीम को देखकर शंकर डेरी का मालिक रफूचक्कर हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह शराब कई वर्ष से बिक रही है। और इसको पुलिस का संरक्षण भी प्राप्त है। वहीं कुछ समाजसेवियों ने इसकी शिकायत तहसील दिवस पर जिलाधिकारी से भी की थी लेकिन देर से ही सही आपके आबकारी विभाग ने छापेमारी तो की।वही राणा मोबाइल की शॉप पर छापेमारी में मोबाइल कम शराब ज्यादा मिली अब सवाल यह है कि इतने लंबे समय तक आबकारी विभाग ने इंतजार क्यों किया, जबकि पुलिस और आबकारी विभाग दोनों को ही अच्छी तरह मालूम था कि शंकर डेरी पर शराब बिक रही है। लेकिन पकड़ने में इतनी देरी आखिर क्यों ? लेकिन जनता की नजर अब इस बात पर टिकी हुई है कि यह कार्रवाई केवल एक दिन की है। या आगे भी जारी रहेगी ।वहीं शराब के धंधे में छोटे-छोटे लड़के लगे हुए हैं। और रानीपुर मोड़ इस बात के लिए शुरू से बदनाम है कि यहां शराब गली गली में बिकती है। रानीपुर मोड़ पर दो थानों की सीमा का लाभ शराब माफिया उठाते हैं। जब ज्वालापुर पुलिस ऐक्शन करती है तो वह हरिद्वार थाना क्षेत्र में शराब बेचना शुरू कर देते हैं। और इन दो थानों के बीच में पुलिस कार्रवाई करने में कतराती है। लेकिन अब शंकर डेरी पर छापे से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। और महिलाओं में जो डर का वातावरण बना हुआ था। वह शायद अब काम हो जाएगा।

# भ्रष्टाचारी छोटी मछलियों ही नहीं बड़े मगरमच्छों को भी पकड़ने का काम किया है : सीएम धामी

अमित कुमार

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकुल मैदान पहुँचकर विकास संकल्प पर्व में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने जनपद के चहुँमुखी विकास के 55० करोड़ की 1०7 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलांयास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद के चहुँमुखी विकास हेतु घोषणा करते हुए कहा कि लालढांग में सिंचाई सुविधा हेतु झील का निर्माण किया जायेगा, लालढ़ां पीएचसी का उच्चीकरण कर सीएचसी बनाया जायेगा, भगवानपुर से इकबाल पुर तक सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा, भगवानपुर से सिकरौदातक सड़क निर्माण का कार्य किया जायेगा, निरंजनपुर में डिग्री कालेज का निर्माण किया जायेगा, मुबारकपुर-अलीपुर में हाईस्कूल का उच्चीकरण किया जायेगा, मोहम्मदपुर जटगांव में रजवाहे के दो तरफ की पटरी पर सीसी सड़क का निर्माण किया जायेगा, विधान सभा झबरेड़ा के अन्तर्गत रुड़की नगर निगम वार्ड न० 22 व 23 में पानी निकासी व सड़क निर्माण किया जायेगा, खानपुर में ढाडेकी के सौलानी नदी पर पुल निर्माण किया जायेगा, गिद्धावाली में गंगा नदी घाट पर पुल निर्माण किया जायेगा, नागड पलोनी से रांगढ वाला होते हुए भगवानपुर के पास तक मोटर रोड का निर्माण, मेवड नागड के श्मशान घाट में बाउण्डरी वाल निर्माण किया जायेगा, मोहम्मदपुर पाण्डा के अन्तर्गत बाउण्डरी वाल निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा एनआरएलएम के अन्तर्गत लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह को 2 लाख रूपये का चैक, उद्यान विभाग द्वारा दरम्यान सिंह को 5० हजार रूपये का चैक, ग्रामोत्थान परियोजनान्तर्गत उजाला सीएलएफ को 21 लाख रूपये तथा आस्था सीएलएफ को 6 लाख रूपये का चैक, मत्स्य विभाग द्वारा अजीत कौर को 4 लाख 2० हजार रूपये का चैक, कृषि विभाग द्वारा तरूण सिंह अध्यक्ष वर्क कृषि उत्पादन एवं विपणन स्वयं सहायता समूह को 1० लाख का चैक, पशुपालन विभाग द्वारा मीनाक्षी देवी को 3० लाख रूपये का चैक, बाल विकास विभाग द्वारा चंचल तोमर को 51 हजार रूपये का चैक, सहकारिता विभाग द्वारा आकाश कश्यप को 1 लाख 6० हजार रूपये का चैक प्रदान करने के साथ ही मीना को पीएम आवास योजनान्तर्गत आवास की चाबी सौंपी गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्वास जताते हुए कहा कि ये सभी घोषणाएं, लोकार्पण, शिलान्यास परियोजनाएँ न केवल हरिद्वार जनपद में आधारभूत सुविधाओं को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगी, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही क्षेत्र के विकास को भी नई गति प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्होंने युवाओं महिलाओं बुजुर्गों द्वारा प्रोत्साहन, ऊर्जा वर्धन एवं समर्पण करन तथा आशीर्वाद देने के लिए सभी का हाथ जोड़कर स्वागत किया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज का दिन विशेष है क्योंकि आज ही के दिन ०4 जुलाई 2०21 को देवभूमि उत्तराखण्ड की सेवा करने का मौका दिया गया था। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मां गंगा के का आशीर्वाद लेकर जनमानस के बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के समग्र विकास और जन आकांक्षाओं को पूरा करने के अपने विकल्प रहित संकल्प को पूर्ण करने की इस यात्रा के सफल चार वर्ष पूर्ण कर रहे हैं। उन्होंने सफल चार वर्ष पूर्ण होने पर देवभूमि उत्तराखंड की समस्त देवतुल्य जनता को दंडवत प्रणाम करते हुए हृदयतल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा जताये गए भरोसे के बल पर ही आज उत्तराखंड के मुख्य सेवक के रूप में प्रदेश की सेवा कर पा रहा हूं। उन्होंने कहा कि जनता का प्रेम ही है जो उन्हें प्रत्येक दिन प्रदेश के विकास और समाज की प्रगति हेतु समर्पित भाव से कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करता है।



- भ्रष्टाचारी या तो सुधर जाएं अन्यथा जेल जाने के लिए तैयार रहें।
- 55० करोड़ की योजनओं का किया लोकार्पण एवं शिलांयास।
- जनपद चहुँमुखी विकास हेतु 13 घोषणाएं की।
- विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को 75.81 लाख रूपये के चैक वितरित।

# सेवा और संवेदना से बनता है सच्चा चिकित्सक: अजय टम्टा



ए.गुप्ता।

देहरादून। विचार एक नई सोच सामाजिक संगठन व उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी देहरादून में स्वास्थ्य संवाद एवं चिकित्सा सेवा सम्मान समारोह-2०25का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम देहरादून के सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी ऑडोटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री, सड़क परिवहन अजय टम्टा, अति विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार, सुबोध उनियाल, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष राज्य महिला आयोग, कुसुम कंडवाल, अपर सचिव मुख्यमंत्री एवं महानिदेशक, सूचना बंशीधर तिवारी, निदेशक, चिकित्सा शिक्षा आशुतोष सयाना ने शिरकत की। स्वास्थ्य संवाद एवं चिकित्सा सेवा सम्मान समारोह-2०25 में 26 उत्कृष्ट चिकित्सकों को सम्मानित किया गया । स्वास्थ्य संवाद एवं चिकित्सा सेवा सम्मान समारोह-2०25 कार्यक्रम राज्यभर में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित करने एवं चिकित्सा क्षेत्र में संवाद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों से आए 31 समर्पित और प्रतिष्ठित चिकित्सकों को उनके अनुकरणीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा, पत्रकारिता, साहित्य और तकनीक के क्षेत्र में भी नवाचार और उपलब्धियों का मंचन हुआ। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष, राज्य महिला आयोग कुसुम कंडवाल ने कहा महिला चिकित्सकों की भागीदारी और नेतृत्व आज स्वास्थ्य सेवाओं में सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुकी है। हमें गर्व है कि कई महिला चिकित्सक दुर्गम इलाकों में भी अपनी सेवाएं दे रही हैं। ऐसे आयोजनों से उनकी भूमिका और अधिक सशक्त होती है। चिकित्सा सेवा अब एक मानवीय तकनीक आधारित व्यवस्था है, जिसमें उत्तराखंड आगे बढ़ रहा है, सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है, चाहे वह ई-हॉस्पिटल सिस्टम, टेलीमेडिसिन, हेल्थ डैशबोर्ड, या आधुनिक सूचना तकनीकों के माध्यम से सेवाओं को सशक्त बनाने की बात हो। सूचना विभाग की ओर से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर जनपद तक सही स्वास्थ्य सूचना और संसाधन पहुंचे। डॉक्टरों को सम्मानित करना केवल एक औपचारिक कृत्य नहीं, बल्कि समाज की ओर से उनकी नि:स्वार्थ सेवा को सार्वजनिक रूप से मान्यता देना है। ये चिकित्सक हमारे मौन नायक हैं जिनकी सेवा बिना किसी प्रचार के समाज

## स्वास्थ्य सेवा केवल इलाज नहीं, एक भरोसे की प्रणाली

मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री, सड़क परिवहन अजय टम्टा ने कहा डॉक्टर समाज का मेरुदंड हैं। कोरोना काल हो या दुर्गम क्षेत्रों में सेवा, हमारे चिकित्सकों ने जो योगदान दिया है वह अभूतपूर्व है। उत्तराखंड जैसे राज्य में, जहां भौगोलिक चुनौतियां बहुत बड़ी हैं, वहां स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म, ई-हॉस्पिटल मैनेजमेंट, और टेलीमेडिसिन जैसी पहलों की अत्यधिक आवश्यकता है और इसके क्रियान्वयन में डॉक्टरों की भागीदारी बहुत अहम है। मैं इस मंच के माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि अब समय आ गया है जब चिकित्सा सेवाओं को सिर्फ दया और करुणा नहीं, प्रबंधन और नवाचार के चश्मे से भी देखा जाना चाहिए। ऐसे आयोजन, जो सेवा और समर्पण को सार्वजनिक रूप से पहचान देते हैं, दरअसल एक नई संस्कृति की शुरुआत करते हैं जहाँ सेवा देने वाले को 'सम्मान' ही नहीं, एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। मैं सभी सम्मानित चिकित्सकों को शुभकामनाएं देता हूं और आयोजकों को साधुवाद देता हूं जिन्होंने इस मंच के माध्यम से समाज के मौन नायकों को सामने लाने का कार्य किया।

## सेवा भाव और समर्पण उन्हें विशिष्ट बनाता है : सुबोध उनियाल

अति विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री, उत्तराखंड सरकार सुबोध उनियाल ने कहा चिकित्सक न केवल एक पेशेवर हैं, बल्कि वे समाज के लिए एक प्रेरक शक्ति भी हैं। उन्हें सम्मान देना सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की जिम्मेदारी है। आज के समय में जबकि स्वास्थ्य सेवाएं कई चुनौतियों से घिरी हैं, डॉक्टरों का सेवा भाव और समर्पण उन्हें विशिष्ट बनाता है। इस कार्यक्रम में सम्मानित चिकित्सक, समाज को यह संदेश दे रहे हैं कि मानवता और सेवा के मूल्यों को अपनाकर कोई भी व्यक्ति समाज के लिए प्रेरणा बन सकता है। मैं उन्हें नमन करता हूं और आयोजकों को बधाई देता हूं जिन्होंने इन नायकों को मंच प्रदान

# देवभूमि से शिवधाम की ओर पहला कदमः मुख्यमंत्री धामी ने किया कैलाश मानसरोवर यात्रा का शुभारंभ

एस. गुप्ता

टनकपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर स्थित पर्यटन आवास गृह से कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यात्रियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया तथा उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े स्मृति चिह्न भेंट किए।मुख्यमंत्री ने 11 राज्यों से आए सभी श्रद्धालुओं से संवाद कर उनका देवभूमि उत्तराखंड में हार्दिक स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता, यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक और आध्यात्मिक जागरण का मार्ग है। उन्होंने कहा श्रद्धालु इस अद्वितीय यात्रा के सहभागी बनकर केवल यात्रा नहीं, बल्कि समर्पण की



अनुभूति लेकर जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की पवित्र धरती के कण-कण में भगवान शिव का वास है। यह यात्रा अब केवल भौगोलिक मार्ग नहीं रही, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ संकल्प से यह सीमाओं को लांघते हुए शिव से साक्षात्कार का सशक्त माध्यम बन गई है। पहले जिस यात्रा में सात दिन या उससे अधिक का समय लगता था, अब वह कुछ ही घंटों में संभव हो सकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार इस यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए पूरी तरह समर्पित है। प्रत्येक पड़ाव पर स्वास्थ्य, आवास, भोजन, सुरक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुदृढ़ की गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने भगवान भोलेनाथ सेसभी यात्रियों की सफल, मंगलमय और सुरक्षित यात्रा की कामना की। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं ने चम्पावत वासियों के आत्मीय व्यवहार के लिए आभार व्यक्त किया और यात्रा को स्मरणीय व सुरक्षित बनाने के लिए उत्तराखंड सरकार की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत, आईजी आईटीबीपी और जन सम्पर्क अधिकारी कैलाश मानसरोवर यात्रा संजय गुंजियाल, पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं मंडल रिद्धिम अग्रवाल,प्रबंध निदेशक कुमाऊं मंडल विकास निगम विनीत तोमर, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, जिलाधिकारी पिथौरागढ़ विनोद गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक चम्पावत अजय गणपति मौजूद थे।



# जिला सैनिक कल्याण परिषद हरिद्वार की त्रैमासिक बैठक हुई सम्पन्न




वाणी

हरिद्वार। जिला सैनिक कल्याण परिषद हरिद्वार की त्रैमासिक बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार रोशनाबाद हरिद्वार में संपन्न हुई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियो एवं पूर्व सैनिकों ने प्रतिभाग किया। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर डा० सरिता पंवार (से.नि.) द्वारा किया गया, जिन्होने मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों एवं पूर्व सैनिकों का स्वागत करते हुए पूर्व सैनिकों की समस्याओं से मुख्य विकास अधिकारी महोदया को अवगत कराया। पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुनने के पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों को सभी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये एवं स्वंय भी काफी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया। बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा जनपद हरिद्वार में शहीद स्मारक निर्माण के प्रस्ताव हेतु मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शहीद स्मारक का प्रस्ताव तैयार कर जिलाधिकारी को प्रेषित करें। अन्त में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पूर्व सैनिकों के योगदान की सराहना की गई और आश्वासन दिया गया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि यदि पूर्व सैनिक त्रैमासिक बैठक में उपस्थित नही हो पाते तो शासन से सम्बधित अपनी समस्याओं को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के माध्यम से जिला प्रशासन तक पहुँचा सकते है। बैठक स?द्भावना पूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। अंत में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर डा० सरिता पंवार (से.नि.) ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया ।

# पीले पंजे ने किये दो शिकार, भू-व्यवसायियों में दहशत



एस.चौहान

रुड़की। हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध रूप से विकसित किए गए दो अनधिकृत भू- विन्यासों के विरुद्ध प्रभावी ध्वस्तीकरण कार्यवाही की गई। प्रकरण 1 में विपक्षी हितबद्ध व्यक्ति द्वारा रंगोली गार्डन के पीछे आकाशदीप नाम से लगभग 1० बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित किए गए अनाधिकृत भू-विन्यास को प्राधिकरण की टीम (शाखा कार्यालय रुड़की) द्वारा विधिसम्मत रूप से ध्वस्त किया, जबकि प्रकरण 2 में विपक्षी पप्पू ठेकेदार, स्लाटर हाउस नाली रोड, पठानपुरा, मंगलौर द्वारा विकसित किए गए लगभग 15-16 बीघा भूमि पर किए गए अवैध भू-विन्यास को भी प्राधिकरण टीम द्वारा नियमानुसार ध्वस्त कर दिया।यह कार्यवाही हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणों एवं अनधिकृत भू-विन्यासों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई। इस दौरान प्राधिकरण की टीम को पुलिस बल का सहयोग प्राप्त रहा तथा समस्त प्रक्रिया शांति एवं विधि सम्मत रूप से संपन्न कराई गई। प्राधिकरण आम नागरिकों से अपील करता है कि किसी भी प्रकार के भू-विकास या निर्माण से पूर्व नियमानुसार प्राधिकरण से स्वीकृति प्राप्त करना सुनिश्चित करें अन्यथा विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# हरेला पर्व की शुरू हुई तैयारियां

एस. गुप्ता

हरिद्वार। हरेला पर्व के अवसर पर जनपद में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने उप वन संरक्षक हरिद्वार वन प्रभाग को नोडल अधिकारी किया नियुक्त। उप वन संरक्षक हरिद्वार वन प्रभाग वैभव कुमार ने अवगत कराया है कि हरेला पर्व के अवसर पर जनपद में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी द्वारा उन्हें नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने सभी कार्यालय अध्यक्षों, जिला स्तरीय अधिकारियों, गैर सरकारी संस्थाओं, स्थानीय निकायों,संस्थाओं, विद्यालयों, जनप्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा रोपित किए जाने वाले पौधे के संबंध में सूची उपलब्ध कराने की उपेक्षा की गई है, ताकि उन्हें निशुल्क पौध उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने सभी से अपेक्षा की है कि हरेला पर्व के अवसर पर रोपित किए जाने वाले पौधों के संबंध में सूची तत्काल उप वन संरक्षण कार्यालय हरिद्वार वन प्रभाग को उपलब्ध कराने के कष्ट करे, ताकि उन्हें पौध समय से उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि सूची प्राप्त न होने की दशा में हरेला पर्व के अवसर पर पौधे को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाना संभव नहीं हो पाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अमित कुमार ने गोल्डन टेम्पल प्रेस, पहाड़ी बाजार, कनखल, हरिद्वार, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा श्री श्याम कुटीर, 29ए, निर्मल विहार, मिश्रा गार्डन, कनखल, हरिद्वार-249408 उत्तराखण्ड से प्रकाशित किया।

सम्पादक
**अमित कुमार**
मो. 09412025557 2

**E-mail.**
guptaamit1968@gmail.com
guptasaransh11@gmail.com

कानूनी सलाहकार
**के.पी.एस.चौहान**
(एडवोकेट)

**पंजीयन संख्या: UTTHIN/2006/17322**

**डाक पंजीयन संख्या यू.ए./डी.ओ. दे.दून/291/2024-26**

नोट:-समस्त विवादों के लिये हरिद्वार न्याय क्षेत्र ही मान्य होगा। सभी पद अवैतनिक है।